**न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली**
**पीठासीन अधिकारी:: श्री एल.एन. मंत्री, आई.ए.एस**

विविध :: 27/2025
जीसीएमएस नम्बर :: 2025/42

| प्रार्थी :– | बनाम | अप्रार्थीगण :– |
|---|---|---|
| यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, 239 विधान भवन मार्ग, नरिमन पॉइन्ट मुम्बई, महाराष्ट्र 400021। ब्रांच ऑफिस –यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, ग्राउंड फ्लोर लालवानी चेम्बर नियर अरिहंत मार्केट मेन मण्डिया रोड पाली राजस्थान 306401 जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री विशाल भट्नागर | | 1. मैसर्स गजानंद बोर्ड एजेन्सी जरिये प्रापराईटर श्री गौतम चंद सुराणा पुत्र जवाहर लाल सुराणा पता – रेलवे स्टेशन रोड, गॉंधी मूर्ति के पास पाली, राजस्थान 306401<br>2. श्री गौतम चंद सुराणा पुत्र जवाहर लाल सुराणा पता – रेलवे स्टेशन रोड, गॉंधी मूर्ति के पास पाली, राजस्थान 306401<br>3. श्री गौरव सुराणा पुत्र श्री अनिल कुमार जैन पता – हाउस नं. 31, गजानंद मार्ग, पाली राजस्थान 306401। |

**<u>प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002</u>**

**दिनांकः– 17.03.2025**

1. यत प्राधिकृत अधिकारी, **यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया ने** वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम –2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना–पत्र जरिये **अधिवक्ता श्री चन्द्रसिंह राठौड़ ने मैसर्स गजानंद बोर्ड एजेन्सी जरिये प्रापराईटर श्री गौतम चंद सुराणा व अन्य** के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

जिला मजिस्ट्रेट पाली (राजस्थान)

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कंपनी द्वारा दिनांक **30.03.2017** को 15,00,000/– **(पन्द्रह लाख रूपये)** का ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

| |
|---|
| श्री गौरव सुराणा पुत्र श्री अनिल कुमार सुराणा की एक सम्पत्ति जो कि फ्लैट नं. 202, द्वितीय तल कम्फर्ट कॉम्पलैक्स, जय नगर रामदेव रोड पाली, राजस्थान में स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि सभी सम्मिलित है; जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी चतुर्दिशाएं उत्तर में बालकनी, दक्षिण में फ्लैट नम्बर 203, पूर्व में कॉमन लॉबी व पश्चिम में बालकनी (रोड 30 फीट चौड़ी) अवस्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 1597.59 वर्गफीट है। |

जिला मजिस्ट्रेट, पाली

3. चूंकि ऋणी फलस्वरूप अप्रार्थी **मैसर्स गजानंद बोर्ड एजेन्सी जरिये प्रापराईटर श्री गौतम चंद सुराणा व अन्य** के द्वारा बैंक/कम्पनी से प्राप्त किये गये ऋण के पेटे प्रार्थी के पक्ष में ऋणी एवं जमानतियों द्वारा गारंटी, करार एवं दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर कर इसे निष्पादित कर दिये गये

